## सेठ आनंदराम जैपुरिया स्कूल

**सत्र (२०२०-२१)**

**कक्षा - ५**

**विषय - हिंदी**

**अभ्यास पत्र (पाठ - कबीर के दोहे)**

**कक्षा - ५ वर्ग - ----------** **दिनांक - -------**

**नाम - ----------------------------** **अनुक्रमांक - -----**

---

प्रश्न १. - दोहा कितनी पंक्तियों का होता है ?

क) चार पंक्तियों का ख) दो पंक्तियों का ग) तीन पंक्तियों का

प्रश्न 2. - कबीरदास जी के अनुसार ईश्वर किनके हृदय में वास करते हैं ?

क) जो सदा सच बोलते हैं ।

ख) जो किसी की नहीं सुनते हैं ।

ग) जो झूठ बोलते हैं ।

प्रश्न 3. - कबीरदास जी ने सबसे बड़ा ज्ञानी किसे माना है ?

क) जो बड़ी-बड़ी किताबें पढ़ते हैं ।

ख) जो पूजा-पाठ करते हैं ।

ग) जो प्रेम का वास्तविक अर्थ समझते हैं ।

प्रश्न 4. - 'आपा' का अर्थ क्या है ?

क) खाकर ख) अभिमान ग) जिसके

प्रश्न 5. - 'रूखा-सूखा-----------------जीव ।' इस दोहे से क्या सीख मिलती है ?

क) कम खाने की ख) पकवान खाने की ग) लालच न करने की

प्रश्न 6. - कबीरदास जी किस काल के महान कवि थे ?

क) भक्तिकाल के ख) आदिकाल के ग) प्राचीनकाल के

प्रश्न 7. - 'कबीर के दोहे' पाठ के अनुसार 'चूप' का समान तुक वाला शब्द क्या होगा ?

क) कूप ख) मूप ग) धूप

प्रश्न 8. - 'माटी कहे कुम्हार से, तू क्या रूँदे मोहि ।' इस दोहे की अगली पंक्ति निम्न में से कौन-सी है ?

क) जाके हिरदै साँच है, ताके हिरदै आप ॥

ख) इक दिन ऐसा आयेगा, मैं रूँदूँगी तोहि ॥

ग) पल में परलय होयगी, बहुरि करैगो कब ॥

प्रश्न 9. - कबीरदास जी के अनुसार इंसान को कैसे वचन बोलने चाहिए ?

क) मीठे वचन ख) तीखे वचन ग) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न 10. - 'बहुरि' का अर्थ क्या होगा ?

क) तपस्या ख) मुझे ग) फिर

---------------------**---------------------**---------------------------